बिहार लोक सेवा आयोग
15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना

गृह (आरक्षी) विभाग, बिहार के अधीन विधि विज्ञान प्रयोगशाला में वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **विज्ञापन संख्या– 12/2015**, (प्रशाखा– विष विज्ञान, प्रभाग– रसायन), **विज्ञापन संख्या– 14/2015**, (प्रशाखा– सीरम, प्रभाग– जीव विज्ञान) एवं **विज्ञापन संख्या– 17/2015**, (प्रशाखा– DNA, प्रभाग– जीव विज्ञान) के उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन में निहित शर्त्तों के आधार पर विज्ञापनवार अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित) आयोग के बेवसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित की जा चुकी है। अनर्हित उम्मीदवारों को अपने अनर्हित होने के कारणों पर यदि कोई आपत्ति हो तो वे अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में साक्ष्य के साथ अभ्यावेदन निबंधित डाक, स्पीड पोस्ट या आयोग के E-mail ID- bpscpat-bih@nic.in के माध्यम से इस प्रकार भेज सकते हैं कि वह दिनांक 10.01.2017 तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। उम्मीदवारों के Online Registration Number को ही अनुक्रमांक माना गया है। उन्हें अलग से कोई अनुक्रमांक आवंटित नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार के लिए मेधा सूची एवं साक्षात्कार कार्यक्रम बाद में प्रकाशित किए जाएंगे।

23/12/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना